BSES
BSES Yamuna Power Limited
...a joint venture with GONCTD

अक्टूबर, 2014 उपभोक्ताओं को दशहरा, दिवाली और ईद उल जुहा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं **NEWS UPDATE**

फॉर्च्यून की सर्वाधिक प्रशंसित कंपनियों की लिस्ट में बीवाईपीएल

देश की बेहद प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में से एक फॉर्च्यून इंडिया के अगस्त 2014 अंक में कॉरपोरेट भारत की सर्वाधिक प्रशंसित कंपनियों की तीसरी वार्षिक रैंकिंग दी गई है। इसमें बीवाईपीएल को पावर सेक्टर की सर्वाधिक प्रशंसित कंपनियों में शामिल किया गया है, और यह अदानी पावर, नैशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन, कोलकाता इलेक्ट्रिक सप्लाई कॉरपोरेशन और सुजलॉन पावर जैसी संस्थाओं से भी आगे है।

साझा प्रयास मुहिम: बीवाईपीएल उपभोक्ताओं के लिए विशेष कैंप

बीवाईपीएल ने पूर्वी और मध्य दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं को उनके मोहल्ले में ही विभिन्न तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए, साझा प्रयास मुहिम की शुरूआत की है। इसके तहत, बीवाईपीएल के कस्टमर केयर ऑफिसों और कंप्लेंट सेंटरों से अलग, विभिन्न मोहल्लों में कैंप लगाए जा रहे हैं। इन कैंपों में लोग बिजली का डुप्लिकेट बिल निकलवा सकते हैं, और नए कनेक्शन आदि के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

इन कैंपों में उपभोक्ताओं को ऊर्जा संरक्षण के उपायों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है।



क्यों जरूरी है बिजली मीटर को घर से बाहर करवाना:

- खुद को मीटर रीडर बताकर घरों में लूटपाट व ठगी पर अंकुश लगेगा
- मीटर बाहर करवाने से प्रोविजनल/अस्थायी बिल मिलने की शिकायत खत्म होगी
- मीटर में स्पार्किंग होने या अन्य आपातकालीन स्थितियों में बिजली कर्मियों के लिए मीटर तक पहुंचना आसान रहेगा

क्या आपने बीवाईपीएल के केवाईसी मुहिम में हिस्सा लिया?

बीवाईपीएल के केवाईसी यानी नो योर कस्टमर (अपने उपभोक्ता को जानें) मुहिम में हिस्सा लें और सरप्राइज गिफ्ट्स पाएं। अपना सीए नंबर, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर हमें ईमेल करें

bypl.customercare@relianceada.com

आप अपना डिटेल हमें एसएमएस भी कर सकते है।

पूर्वी दिल्ली के उपभोक्ता हमें **801-093-5803** पर एसएमएस कर सकते हैं और मध्य दिल्ली के उपभोक्ता **801-093-5804** पर एसएमएस भेज सकते हैं।

आपको बेहतर सेवाएं देने में हमारी मदद करें।

बिजली बचत के लिए पावर कॉन्क्लेव का आयोजन

बीएसईएस ने ऊर्जा संरक्षण के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए हाल में जीईआरएमआई, मेसर्स इकोलोब्रियम, हर्षा अबाकस सोलर और मेसर्स एनर्जीनॉमिक्स के साथ मिलकर, पावर कॉन्क्लेव का आयोजन किया।

पावर कॉन्क्लेव में क्लाउड आधारित कंज्यूमर्स पोर्टल के बारे में बताया गया, जो उपभोक्ताओं की बिजली की खपत को मॉनिटर करने और उसमें कमी लाने में मददगार साबित होगा। बीएसईएस उपभोक्ता अब कहीं से भी और कभी भी, अपने घर/दफ्तर के बिजली उपकरणों पर नजर रख सकते हैं। वे यह पता कर सकते हैं कि इस वक्त उनके यहां कितनी बिजली की खपत हो रही है, और कौन-सा उपकरण कितनी बिजली की खपत कर रहा है। यह सिस्टम रियल टाइम आधार पर काम करेगा।

कस्टमर केयर अधिकारियों की तारीफ की

हमें उपभोक्ताओं और आरडब्ल्यूएज की ओर से प्रतिक्रियाएं मिली हैं, जिनमें उन्होंने पिछले दिनों बिजली संबंधी दिक्कतों के समय बीवाईपीएल के कस्टमर केयर अधिकारियों के कार्यों की प्रशंसा की है। आरडब्ल्यूए दवारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कस्टमर केयर अधिकारी सुबह से रात तक मोबाइल फोन के जरिए लगातार उपभोक्ताओं और आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों के संपर्क में रहे। उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनीं और उनका तत्काल निवारण करवाया।

आपकी सेवा में 24 X 7
कॉल करें 399-99-808

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें:
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस
बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय:
शक्ति किरण बिल्डिंग,
कड़कड़डूमा, दिल्ली-110032
सीआईएन: U74899DL2001PLC111525
फोन: 011-399-99-808
वेबसाइट: www.bsesdelhi.com

एसएमएस

टाइप करें- बीएसईएसवाईपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5 61 61 08 पर भेज दें

आईवीआरएस

अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर से 399 99 808 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए/सीआरएन नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।

सुरक्षा कारणों से, उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अपने बिजली मीटर को घर से बाहर किसी आसान पहुंच वाली व कॉमन जगह पर लगवाएं। मीटर को शिफ्ट करवाने के लिए 399-99-808 पर फोन करें और 3 दबाएं।

स्ट्रीट लाइट शिकायत व आपातकालीन सेवाओं के लिए हेल्पलाइन – 419-99-808

त्योहारों के इस मौसम में, बीवाईपीएल आपके लिए एक और हेल्पलाइन लेकर आई है। इस पर स्ट्रीट लाइट, बिजली के करंट व बिजली से लगी आग की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। टेलीफोन नंबर है- 419-99-808। यह सेवा सप्ताह के सातों दिन और दिन के चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी।

इस सेवा से पूर्वी और मध्य दिल्ली के 14 लाख बीवाईपीएल ग्राहक लाभान्वित होंगे। वैसे, उपभोक्ताओं के लिए पूर्ण समर्पित हेल्पलाइन नंबर 399-99-808 पहले से ही मौजूद है। नए नंबर की सुविधा उन्हें अलग से दी गई है।